राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड
राष्ट्रीय सेवा योजना
Email ID- nssgdcbazpur@gmail.com
Website- www.gpgcbazpur.in

रक्तदान शिविर

दिनांक 20 सितंबर 2025

आज दिनांक 20 सितंबर 2025 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना, एन सी सी, रेडक्रास सोसाइटी एवं रॉवर रेंजर के संयुक्त तत्वाधान में सेवा चैरिटेबल ब्लड बैंक, बाजपुर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर बी के सिंह द्वारा सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया गया। प्राचार्य डॉक्टर बी के सिंह ने अपने संबोधन में प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को रक्तदान के महत्व को समझाते हुए रक्तदान हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है इसमें सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि किसी का जीवन बचाया जा सके। रक्तदान शिविर में एनएसएस प्रभारी डॉक्टर अनिल कुमार सैनी, रेडक्रॉस प्रभावी डॉक्टर सूरजपाल सिंह, एन सी सी प्रभारी डॉक्टर पंकज कुमार, रसायन विज्ञान विभाग प्रभारी डॉक्टर दर्शन कंबोज, कंबोज, वनस्पति विभाग से डॉक्टर नीलम मनोला ने रक्तदान किया। इसके साथ-साथ एन एस एस, एन सी सी, रेडक्रॉस सोसाइटी, एवं रोवर रेंजर के छात्र छात्राओं में पलक, शुभांशी, संजना पूजा, रीना कौर, जगदीश जोशी, दीपाली, केशव मौर्य, आशीष कंबोज, मोहम्मद शान, विशाल यादव, ज्योति राणा आदि छात्र–छात्राओं ने रक्तदान किया। शिविर में कुल 18 यूनिट रक्तदान किया गया। सेवा चैरिटेबल ब्लड बैंक की टीम में डॉक्टर मुबारक, डॉक्टर नंदन सिंह राणा, श्री हरविंदर सिंह, श्री दीपक कुमार एवं कुमारी प्रिया सक्सेना ने रक्तदान करवाने की व्यवस्था में सहयोग किया। सेवा चैरिटेबल ब्लड बैंक की सौजन्य से रक्तदाताओं को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉक्टर मनुहार आर्य ने रक्तदान शिविर के सफल संपादन हेतु महाविद्यालय परिवार के सदस्यों, छात्र छात्राओं एवं सेवा चैरिटेबल ब्लड बैंक की टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर के संपादन में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना